पंजाब केसरी 11/10/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में नशा मुक्ति पर निकाली रैली

अम्बाला, 10 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा नशा मुक्ति पर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में घूमकर सभी विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में नशा मुक्ति को लेकर निकाली गई रैली में भाग लेते एन.एस.एस. स्वयंसेवक। (देवदत्त)

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि नशा व्यक्ति के विवेक पर आक्रमण करता है, जिससे उसके सोचने-विचारने की शक्ति एवं ऊर्जा का पतन होने लगता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि अनेक नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं अभियानों के बावजूद नशा प्रयोग करने वालों की गिनती दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

नशे की सरल उपलब्धता के कारण आज कई घर के युवा नशे के क्रय-विक्रय एवं प्रयोग में लिप्त हो चुके हैं। एक भारतीय होने के नाते हमारा उत्तरदायित्व बनता है कि हम स्वयं भी नशीले पदार्थों से स्वयं को दूर रखें और अपने आसपास भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता को फैलाएं। नित्य स्वस्थ एवं पौष्टिक आहार का प्रयोग कर आने वाली पीढ़ियां के लिए उदाहरण बनें। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों का बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लेना भारतवर्ष के उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की तरफ संकेत करता है।